# सीएम आज भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

**▸ राजधानी के लाल परेड मैदान में होगा राज्य स्तरीय समारोह**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अगस्त.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे. इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे. मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम, मंत्री करन सिंह वर्मा मुरैना, मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट, मंत्री सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, मंत्री विश्वास सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर शिवपुरी और मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे.



> मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, मंत्री इन्दर सिंह परमार दमोह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर सीहोर, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, दिलीप जायसवाल सीधी, गौतम टेटवाल बड़वानी, लखन पटेल मउगंज, नारायण सिंह पंवार रायसेन, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, प्रतिमा बागरी डिंडोरी, दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह सिंगरौली में ध्वजारोहण करेंगे.

## मेड इन एमपी, वियर एक्रॉस द वर्ल्ड अब राज्य का औद्योगिक मिशन

**▸ बीएसएल के अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउंड टेबल बैठक में सीएम ने कहा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेड इन एमपी-वियर एक्रॉस द वर्ल्ड केवल एक नारा नहीं, बल्कि राज्य का औद्योगिक मिशन है, जिसके तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक प्रतिस्पर्धी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है. टेक्सटाईल्स एवं गारमेंट सेक्टर से किसान महिला, युवा एवं गरीब वर्गों का सशक्तिकरण हो रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में बीएसएल के अंतराष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउण्ड टेबल बैठक की. इस अवसर पर राज्य सरकार और बीएसएल के बीच एमओयू भी हुआ. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 एफ विजन को ध्यान में रखते हुए मप्र परिधान और वस्त्र उद्योग में फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन की समूची वैल्यू चेन को एकजुट कर वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है.

## बीएमसी से अपहृत नवजात एक घंटे में सुरक्षित बरामद

**सागर.** मध्य प्रदेश के सागर जिले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासकीय बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) से अपहृत चार दिन के नवजात को मात्र एक घंटे में सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया.

पुलिस के अनुसार, बीएमसी में भर्ती एक महिला का नवजात एक अज्ञात महिला उठा ले गई थी. अधिष्ठाता ने तत्काल गोपालगंज थाना पुलिस को सूचना दी. सीसीटीवी में संदिग्ध महिला की तस्वीर मिली, जिसके बाद बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य मार्गों पर चेकिंग शुरू की गई. इसी बीच जानकारी मिली कि महिला बस से कर्रापुर जा रही है. बस रोककर तलाशी में दो महिलाएं नवजात के साथ मिलीं. फोटो से पहचान के बाद बच्चे को एम्बुलेंस से बीएमसी लाया गया.






## जनगणना समन्वय समिति गठित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अगस्त.** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में जनगणना 2027 के राष्ट्रीय महत्व के कार्य के सुचारू एवं सफल संचालन के दृष्टिगत जनगणना कार्य निदेशालय एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय एवं योजनाबद्ध रूप से कार्य करने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में किया गया है.

समिति में अपर मुख्य सचिव गृह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नगरीय विकास एवं आवास, सामान्य प्रशासन, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, वित्त, प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, राजस्व, सचिव, स्कूल शिक्षा, जनसम्पर्क, अपर सचिव गृह विभाग एवं नोडल अधिकारी निदेशक एन.आई.सी. सदस्य होंगे. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय मप्र भोपाल को संयोजक,सदस्य सचिव बनाया गया है.

## आज जेल से आजाद होंगे 156 कैदी, 6 महिलाएं भी

**भोपाल, 14 अगस्त.** लोगों को जाने-अनजाने में हुए अपराध की सजा देने के लिए जेल की सजा दी जाती है. ऐसे में लोगों का पूरा जीवन ही जेल की सलाखों के पीछे कट जाता है, लेकिन इस दौरान कई ऐसे कैदी भी होते हैं, जिनके आचरण में बदलाव आ जाता है और वे फिर से नया जीवन जीने की चाह रखते हैं. ऐसे ही करीब 156 कैदियों को इस बार स्वतंत्रता दिवसके अवसर पर रिहा किया जाएगा, वे फिर से अपनी जिदंगी खुशी से जी सकेंगे.

स्वतंत्रता दिवस पर मध्यप्रदेश की जेलों में बंद 150 से ज्यादा कैदियों को आजादी मिलेगी. प्रदेश के 156 कैदियों को रिहा किया जाएगा, जिसमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं. भोपाल जेल से सबसे ज्यादा 25 कैदी रिहा होंगे. जेल विभाग की रिहाई नीति के तहत इन कैदियों को सजा में माफी दी गई है. सालभर में 5 विशेष अवसरों पर बंदियों को रिहाई दी जाती है.

## एयर एम्बुलेंस से मरीज को नया जीवन...

**भोपाल,14 अगस्त.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है. यह सेवा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित पहुंच रही है. उन्होंने कहा कि आपदा, दुर्घटना या अचानक बिगड़ी स्वास्थ्य स्थिति में यह सेवा मरीज और उपचार के बीच की दूरी को कम करते हुए जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभा रही है. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के साथ-साथ इस तरह की जीवन रक्षक सेवाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है. रीवा निवासी लवकुश दूबे (55) को ब्रेन हेमरेज और अत्यधिक रक्तचाप की गंभीर स्थिति में तत्काल उच्चस्तरीय इलाज की आवश्यकता थी. पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से उन्हें रीवा से चिरायु हॉस्पिटल, भोपाल एयर-लिफ्ट किया गया. समय पर मिले उपचार से उनकी जान बचाई जा सकी.

यह सेवा सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसे, प्राकृतिक आपदा और अन्य आपात स्थितियों में राज्य के भीतर और बाहर मरीजों को सुरक्षित एवं त्वरित हवाई परिवहन उपलब्ध कराती है.











